## एटीएम में कैश खत्म, लोग हो रहे परेशान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में बैंकिंग व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मंगलवार शाम से जिले के अधिकांश एटीएम में नकदी खत्म होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर और आसपास के क्षेत्रों में लोग एक एटीएम से दूसरे एटीएम तक भटकते रहे, लेकिन कई स्थानों पर उन्हें नो कैश या सेवा उपलब्ध नहीं होने का संदेश ही मिला। इससे विशेष रूप से मजदूरों, छोटे व्यापारियों, किसानों और दैनिक जरूरतों के लिए नकदी पर निर्भर लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बुधवार को भी बड़ी संख्या में लोग पैसे निकालने के लिए विभिन्न बैंकों के एटीएम पहुंचे, लेकिन अधिकांश एटीएम या तो खाली मिले या तकनीकी कारणों से बंद रहे। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें कई किलोमीटर तक अलग-अलग एटीएम के चक्कर लगाने पड़े, इसके बावजूद नकदी नहीं मिल सकी। लोगों का कहना है कि यदि समय पर एटीएम में कैश भरने की व्यवस्था हो तो ऐसी परेशानी से बचा जा सकता है।

### पासबुक एंट्री के लिए भी परेशानी



**पासबुक एंट्री में भी उपभोक्ताओं को टालमटोल** - केवल एटीएम ही नहीं, बल्कि कई बैंक शाखाओं में पासबुक एंट्री कराने पहुंचे ग्राहकों को भी निराशा हाथ लगी। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बैंक कर्मचारी कभी मशीन खराब होने का हवाला देते हैं तो कभी भीड़ अधिक होने की बात कहकर उन्हें दूसरे दिन आने के लिए कह देते हैं। कई लोगों का कहना है कि बार-बार बैंक के चक्कर लगाने के बावजूद पासबुक अपडेट नहीं हो पा रही है, जिससे खातों की सही जानकारी नहीं मिल रही।

**बुजुर्ग और ग्रामीण उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित** - ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और किसान सबसे ज्यादा परेशानी झेल रहे हैं। कई लोग सुबह से बैंक और एटीएम के चक्कर काटते रहे, लेकिन उन्हें न तो नकदी मिल सकी और न ही पासबुक अपडेट हो सकी। लोगों का कहना है कि बैंकिंग सेवाओं में लगातार आ रही अव्यवस्था आम नागरिकों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है।

**बैंक प्रबंधन से व्यवस्था सुधारने की मांग-** स्थानीय नागरिकों ने बैंक प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि एटीएम में नियमित रूप से पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराई जाए तथा बैंक शाखाओं में पासबुक एंट्री सहित अन्य सेवाएं सुचारु रूप से संचालित की जाएं। लोगों का कहना है कि बैंकों की यह लापरवाही उपभोक्ताओं का समय और पैसा दोनों बर्बाद कर रही है।

## मूंग की तुलाई के लिए दर-दर भटक रहा किसान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को ग्रीष्मकालीन मूंग की तुलाई में हो रही समस्याओं से ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया । ग्रीष्मकालीन मूंग की तुलाई के लिए किसान दर-दर भटक रहा है परेशान हो रहा है वेयरहाउस में लंबी लंबी लाइन है एक वेयरहाउस में 200 से 250 ट्रैक्टरों की लाइन लगी हुई हैऔर किसान कम से कम 10 से 12 दिन तक अपनी मूंग तुलाई के लिये का इंतजार कर रहा है प्रशासनिक अमला तुलाई के लिए लगा हुआ है लेकिन वेयरहाउस प्रबंधक एवं सर्वेयरों की मनमानी के कारण किसान परेशान हो रहा है अतः भारतीय किसान संघ मांग करता है 2 से 3 दिन जिले की सभी मंडीयो को बंद कर कर सिर्फ मूंग उपार्जन कर तुलाई में तेजी लाई जाए एवं वहां से परिवहन कर वेयरहाउस में माल जमा करवाया जाए एवं शनिवार और रविवार को भी तुलाई निश्चित की जाए । सिलेट का टाइम निकालने के कारण उनकी डेट बढ़ाने के लिए किसान कृषि संचालक विभाग के चक्कर लगा रहा है किसी किसान का माल तो तोल गया है लेकिन डेट निकल जाने के कारण उनका बिल नहीं बन रहा है तो किसी किसान का बिल बनाने के लिए अंगूठा नहीं मिल रहा है भारतीय किसान संघमांग करता है कि मूंग के बिल किसान के मोबाइल के ओटीपी के द्वारा बनाए जाएं । खेतों पर मक्के और धान की फसल को यूरिया की आवश्यकता है और समय पर यूरिया ना मिलने से फसल बढ़वार नहीं ले रही है जिलों में एसटीडी कोड 181 के माध्यम से उर्वरक बुक कराया जा रहा है किंतु 70 से 80 किसानों के ही ए टोकन 181 पर बुक हो रहे हैं प्राइवेट दुकान एवं एमपी एग्रो से उर्वरक स्पष्ट नीति न होने के कारण सप्लाई नहीं हो पा रही है कलेक्टर महोदय को ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि प्राइवेट दुकान एवं एमपी एग्रो को भी 181 में जोड़कर टोकन वितरित किए जाएं एवं ऑफलाइन में प्रतिदिन 300 किसानों को उर्वरक सप्लाई की जाए एवं समय-समय पर डीएमओ एवं एमपी एग्रो की स्टॉक की जांच कराई जाए।



किसान संघ ने ज्ञापन सौंपा

### किसान बदल सकेंगे उपार्जन केंद्र

*60 प्रतिशत उपार्जन वाले किसानों को मिलेगी केंद्र परिवर्तन की सुविधा*

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन को किसानों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। अब पात्र किसानों को आवश्यकता अनुसार उपार्जन केंद्र बदलने की सुविधा प्रदान की गई है, जिससे उन्हें अपनी उपज विक्रय में आसानी हो सकेगी। निर्देशानुसार जिन किसानों की अब तक 25 प्रतिशत मूंग का उपार्जन किया जा चुका है, ऐसे किसानों को शेष 35 प्रतिशत उपज पूर्व में शासन द्वारा निर्धारित एवं मैप किए गए उपार्जन केंद्र पर ही लाना अनिवार्य होगा। वहीं, जिन किसानों की कुल 60 प्रतिशत मूंग का उपार्जन किया जाना शेष है, उन्हें विशेष राहत देते हुए उपार्जन केंद्र परिवर्तन की सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे किसान आवश्यकता पड़ने पर अपना उपार्जन केंद्र बदल सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने संबंधित समिति प्रबंधक से संपर्क कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करना होगा।

## सार-समाचार

### किशोर कुमार जयंती पर सजी संगीतमय महफिल

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्व. किशोर कुमार की जयंती पर पटेल वार्ड स्थित प्रेम कोरी के निवास पर तराना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय स्वरांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में कलाकारों ने किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। नरेश कौरव, प्रेम कोरी, चित्रदीप दुबे, राजेश गुप्ता, भूपेंद्र कौरव, रमाकांत कौरव, विनोद पटेल, कुंज बिहारी प्रजापति और राजा साहू सहित कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। देर रात तक चले कार्यक्रम में श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और अंत में स्व. किशोर कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मुकरबा शरीफ उर्स पर निकला चादर संदल जुलूस

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मुकरबा दरगाह शरीफ के उर्स मुबारक पर चादर संदल का जुलूस अकीदत और भाईचारे के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया। शक्ति चौक पर जुलूस का स्वागत कर तबर्रुक वितरित किया गया। दरगाह पहुंचकर चादरपोशी, न्याज-फातेहा और अमन-चैन की दुआ की गई। उर्स के अवसर पर लंगर का आयोजन भी हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।

### सालीचौका में शैलेन्द्र शैली स्मृति व्याख्यानमाला आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सालीचौका में बुधवार को आयोजित शैलेन्द्र शैली स्मृति व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता लोकजतन के संपादक बादल सरोज ने 'आज की दुनिया और भारत' विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने केंद्र सरकार की आर्थिक व विदेश नीतियों, अमेरिका के प्रभाव, कृषि और फ्री ट्रेड समझौतों की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार ने अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण किया है, लेकिन देश के किसान, मजदूर और नागरिक इन नीतियों का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने 10 अगस्त को प्रस्तावित सत्याग्रह एवं जेल भरो आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक सिलोकिया ने की। शैलेन्द्र पटेल, नेपाल सिंह और लक्ष्मी बौद्ध ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन जगदीश पटेल ने तथा आभार देवेन्द्र वर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, युवा और नागरिक उपस्थित रहे।

### हाथ तोड़ने के मामले में आरोपी को दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गाडरवारा न्यायालय ने छह वर्ष पुराने मारपीट के एक मामले में आरोपी रामसिंह उर्फ मुल्लू लोधी, निवासी सालीचौका को गंभीर चोट (हाथ की हड्डी टूटने) पहुंचाने का दोषी करार देते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास तथा 200 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला 31 जुलाई 2026 को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, गाडरवारा द्वारा सुनाया गया। अभियोजन के अनुसार 13 मई 2020 को सालीचौका में पड़ोसी विवाद के दौरान आरोपी ने महिला देवकीबाई लोधी के साथ मारपीट कर उनका हाथ मरोड़ दिया, जिससे उनकी कलाई की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया। मेडिकल परीक्षण और एक्स-रे रिपोर्ट में गंभीर चोट की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने गाली-गलौज से संबंधित आरोप सिद्ध नहीं मानते हुए आरोपी को उस आरोप से दोषमुक्त कर दिया, लेकिन गंभीर चोट पहुंचाने का अपराध प्रमाणित होने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 325 के तहत दोषसिद्ध ठहराया। इसके बाद आरोपी को दो वर्ष के सश्रम कारावास और 200 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

### डॉ. चौहान का निधन, अंत्येष्टि आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले के प्रतिष्ठित डॉ अजय सिंह चौहान अब हमारे बीच नही रहे। वे पिछले कुछ दिनों से मुंबई में इलाज करा रहे थे । उनका अस्वस्थता के चलते मुंबई में निधन हो गया। वे डॉ. वाय एस चौहान मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक एवं श्री संजय सिंह चौहान के अग्रज थे। उनका अंतिम संस्कार आज नरसिंहपुर में किया जाएगा। उनके निधन की खबर सुनते ही चिकित्सा क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। साथ ही सभी ने उनके निधन को बड़ी क्षति बताया है। डॉ अजय सिंह चौहान का चिकित्सा क्षेत्र में जहां बड़ा सम्मान था , वहीं आम नागरिक भी उनके प्रति बेहद सम्मान की भावना रखता है। अपने पिताश्री की विरासत को आगे बढ़ते हुए डॉ अजय सिंह चौहान ने चिकित्सा क्षेत्र में सेवा भाव से कार्य किया। वहीं हर उम्र के लोगों से उनके मधुर संबंध रहे वे सभी से संवाद करते थे। अपनी बातों को स्पष्ट रखते थे। निश्चित तौर पर उनके निधन से शहर को बड़ी क्षति हुई है।



## पटवारियों की कलम बंद हड़ताल जारी



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में बुधवार से सभी पटवारी अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर शुरू हुई इस हड़ताल के कारण जिले की सभी तहसीलों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और गिरदावरी जैसे महत्वपूर्ण राजस्व कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। पटवारी संघ का आरोप है कि सरकार उनकी लंबित मांगों पर लंबे समय से कोई ठोस निर्णय नहीं ले रही है। हड़ताल के चलते किसान क्रेडिट कार्ड और राजस्व सेवाओं के लिए आ रहे किसानों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वेतन विसंगति और सुरक्षा संघ की मुख्य मांगों में कैडर रिव्यू, वेतन विसंगति दूर करना, कार्यस्थल पर सुरक्षा, सीपीसीटी की अनिवार्यता समाप्त करना, लंबित मानदेय का भुगतान और स्थानांतरण नीति में सुधार शामिल हैं। पटवारियों ने साफ किया है कि जब तक मांगों का निराकरण नहीं होता, हड़ताल जारी रहेगी।

## कोयला खदान की ब्लॉस्टिंग से ग्रामीणों में आक्रोश

### मकानों में दरारें और धूल से स्वास्थ्य पर खतरे का आरोप

**गाडरवारा, देशबन्धु।** तहसील गाडरवारा के ग्राम गोटिटोरिया में संचालित कोयला खदान को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर नरसिंहपुर से शिकायत करते हुए ब्लास्टिंग और अत्यधिक खनन गतिविधियों पर नियंत्रण की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान में हो रही लगातार ब्लास्टिंग से मकानों को नुकसान पहुंच रहा है, जबकि उड़ने वाली धूल से लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों द्वारा जनसुनवाई में सौंपे गए आवेदन में बताया गया है कि खदान में निर्धारित सीमा से अधिक खुदाई और ब्लास्टिंग किए जाने के कारण आसपास के क्षेत्रों में कंपन महसूस होता है। इससे कई मकानों में दरारें आने तथा लोगों में भय का माहौल बनने का दावा किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि खनन के दौरान उड़ने वाली धूल से गांव का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उनके अनुसार बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने प्रशासन से इस पहलू की भी जांच कराने की मांग की है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि खदान में अत्यधिक खुदाई के कारण क्षेत्र का भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इसका असर नलकूपों, कुओं और तालाबों पर दिखाई देने लगा है, जिससे पेयजल और सिंचाई दोनों प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) गाडरवारा को भी शिकायत दी गई थी, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कोयला खदान का प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारियों की टीम से औचक निरीक्षण कराने, ब्लास्टिंग की मात्रा और सुरक्षा मानकों की जांच कराने, धूल नियंत्रण के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने तथा नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## पेंशनर समाज ने वृद्धाश्रम और पेंशनर भवन की मांग उठाई

**गाडरवारा, देशबन्धु।** शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय परिसर में रविवार को पेंशनर समाज की मासिक बैठक पीएस पटैल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, सामाजिक गतिविधियों और पेंशनरों के हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा की। बैठक में एमएल आरसे ने सदस्यता अभियान को गति देने के लिए टीम गठित करने का प्रस्ताव रखा। तय किया गया कि प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे रविवार को वार्डों में जाकर नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। श्री नेमाजी ने धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी माह किसी प्रसिद्ध कथावाचक का आयोजन कराने का सुझाव दिया।

## विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन, किया पुतला दहन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सुभाष पार्क चौराहे पर भगवा और संत-महात्माओं के कथित अपमान के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पप्पू यादव एवं कांग्रेस का पुतला दहन कर विरोध जताया और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं हिंदू समाज के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भगवा केवल एक रंग नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, भारतीय परंपरा और करोड़ों हिंदुओं की आस्था का प्रतीक है। संत-महात्माओं के सम्मान पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी समाज स्वीकार नहीं करेगा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि भविष्य में भी सनातन धर्म, भगवा अथवा संत-महात्माओं का अपमान किया गया तो लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से जनजागरण एवं विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## महिला पतंजलि योग समिति नरसिंहपुर ने मनाया जड़ी बूटी दिवस



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आचार्य बालकृष्ण ने पतंजलि योगपीठ के आयुर्वेद केंद्र के माध्यम से पारंपरिक आयुर्वेद पद्धति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है और उनके जन्म दिवस को पतंजलि योगपीठ द्वारा जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। और औषधीय पौधों का वितरण तथा रोपण किया जाता है। आचार्य श्री की इन्हीं सभी उपलब्धियों को याद करते हुए महिला पतंजलि योग समिति नरसिंहपुर की बहनों ने गायत्री शक्तिपीठ में उनकी दीर्घायु हेतु यज्ञ हवन पूजन किया एवं जड़ी बूटी एवं औषधीय पौधों का वितरण एवं रोपण किया साथ ही साथ सभी ने संकल्प लिया की अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करेंगी और अपने-अपने घरों में किचन गार्डन और औषधीय बगिया तैयार करेंगी। इस कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति नरसिंहपुर की जिला प्रभारी भारती कौरव ,जिला महामंत्री सुषमा मिश्रा, तहसील महामंत्री मंजू श्रीवास्तव एवं मुख्य योग शिक्षकों में से सुनीता शर्मा, ,सुधा तिवारी, कल्पना सोनी, स्मिता श्रीवास एवं अन्य योग साधकों की उपस्थित रही।

### जड़ी-बूटी दिवस पर औषधीय पौधों का वितरण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पतंजलि महिला योग समिति गाडरवारा द्वारा आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर 4 अगस्त को जड़ी-बूटी दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम शांति नगर कॉलोनी स्थित श्रीमती शिखा नीखरा के गृह प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं को औषधीय पौधों के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण में महत्व की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि तुलसी, नीम, बेल, एलोवेरा और मीठी नीम जैसे पौधे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी शुद्ध रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## 5 रुपए की किसान मित्र योजना या 12 हजार रुपए की वसूली?

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री किसान मित्र योजना के तहत बिजली कनेक्शन दिलाने के नाम पर कथित अवैध वसूली का मामला मंगलवार की जनसुनवाई में सामने आया। खड़ई ग्राम पंचायत सहित आसपास के कई गांवों के 10 से अधिक ग्रामीणों ने गाडरवारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और वसूली गई राशि वापस दिलाने की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार की किसान मित्र योजना के तहत मात्र ?5 में मिलने वाली सुविधा की जानकारी उनसे जानबूझकर छिपाई गई। इसके बजाय बिजली कनेक्शन दिलाने के नाम पर किसानों से ?5 हजार से ?12 हजार तक की राशि वसूली गई।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चिचली विद्युत केंद्र में पदस्थ जूनियर इंजीनियर रोहित यादव और लाइनमैन नर्मदा प्रसाद चौधरी ने गांवों में पहुंचकर किसानों से नकद तथा फोनपे के माध्यम से पैसे लिए। ग्रामीणों का कहना है कि उनसे राशि तो ली गई, लेकिन न कोई रसीद दी गई और न ही योजना एवं आवेदन प्रक्रिया की सही जानकारी उपलब्ध कराई गई।

**किसानों ने एसडीएम से की निष्पक्ष जांच और राशि लौटाने की मांग**

ज्ञापन में दावा किया गया है कि यह मामला केवल एक गांव तक सीमित नहीं है। निभौरा, विजनपुर, पिपरिया कला, खड़ई, सिलेठी सहित चिचली विद्युत केंद्र के अंतर्गत आने वाले कई गांवों के किसानों से भी इसी प्रकार राशि वसूले जाने की शिकायत है। किसानों का कहना है कि पूरे क्षेत्र के बिजली कनेक्शनों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े स्तर पर अनियमितताएं सामने आ सकती हैं।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि खड़ई ग्राम पंचायत के किसानों द्वारा पूर्व में की गई शिकायतों की विभागीय जांच गंभीरता से नहीं की गई, जिसके कारण कथित दोषियों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी।

किसानों ने एसडीएम से पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने, किसानों से कथित रूप से वसूली गई राशि वापस दिलाने तथा चिचली विद्युत केंद्र के अंतर्गत दिए गए सभी बिजली कनेक्शनों की जांच कराने की मांग की है।

## कलेक्टर ने तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

### राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के दिए निर्देश

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रजनी सिंह ने बुधवार को करेली तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर राजस्व एवं लोक सेवा से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण करते हुए लंबित एवं निराकृत राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की तथा प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से आवेदन प्राप्त होने, पंजीयन, समय-सीमा में निराकरण तथा आमजन को दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि नागरिकों को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। कलेक्टर ने कार्यालय में संधारित नकल पंजी एवं दायरा पंजी का भी अवलोकन किया।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

